Serial No. 9819 (6) Book No. :- 1 Deed No. 9154

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हज़ार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

बिहार BIHAR 818462

Serial No. 9819 Deed No. 9154

क्रम सं. 6527 दिनांक 3/9/2014 सब्जी

क्रेता का नाम

Govt. of Bihar
District Registry Office, Patna
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on 03/09/2014 by Shambhu Nath Sharma
A Stamp Duty of Rs. 1133800/- and other Fees of Rs. 26625/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. 9154 in Book No. 1, Volume No. 214 on pages from 504 to 527 and has been preserved in total 24 pages in C.D. No. 33 / Year 2014

Signature with Date
(Prashant Kumar)
Registering Officer, Patna

Date: 03/09/2014 Token No: 10025 /2014

SCANNED

विकास एकरारनामा

यह विकास एकरारनामा आज दिनांक 02.09.2014 सन् 2014 ई0

के बीच

1. श्री शंभु नाथ शर्मा पुत्र स्वर्गीय भवनाथ सिंह,
2. श्री सुनील कुमार सिंह, पुत्र स्वर्गीय भुवनेश्वर सिंह

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

District Registry Office,Patna

Token Number 10025 | Reg. Year 2014 | Serial Number 9819 | Deed Number 9154

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little
Claimant	Ajay Singh						
Executant	Kamal Prashant Singh						
Executant	Ram Bhushan Singh (Minor)	☒ Photo	☒ Thumb	☒ Index	☒ Middle	☒ Ring	☒ Little
Executant	Shambhu Nath Sharma	☒ Photo	☒ Thumb	☒ Index	☒ Middle	☒ Ring	☒ Little
Executant	Shaurav Kumar Singh (Minor)	☒ Photo	☒ Thumb	☒ Index	☒ Middle	☒ Ring	☒ Little
Executant	Sunil Kumar Singh						
Presented By	Shambhu Nath Sharma						
Executant	Vikas Kumar Singh						

SCORE Ver 3.0 | Powered by InfoSystem and Solutions,Patna | Biometric Captured By 2800sop009

Sample output to test PDF Combine only

3. श्री कमल प्रशांत सिंह

4. श्री विकास कुमार सिंह

दोनो पुत्रगण श्री सुनील कुमार सिंह

5. श्री जय प्रकाश सिंह, पुत्र स्वर्गीय शत्रुघ्न सिंह, खुद वो. वली प्राकृतिक पिता, संरक्षक वो अभिभावक अपने अल्पव्यस्क पुत्रगण राम भूषण सिंह और शौरभ कुमार सिंह ।

सभी के निवास स्थान ग्राम - राजपुर कोसिला, परगना और पुराना थाना - मनेर, वर्त्तमान पुलिस थाना - बिहटा, जिला पटना, बिहार, भारतीय नागरिक (जिन्हें यहाँ पर जमीन मालिकगण कहा गया) जिनके उत्तराधिकारी, आश्रित, कानूनी प्रतिनिधि, प्रशासक, निष्पादक या हित उत्तराधिकारी भी सम्मलित रहेंगें, जो प्रथम पक्षकार हैं।

और

मेसर्स आर्शीवाद इंजीकॉन प्रा0 लि0, जो भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है जिसका कार्यालय - उत्तरी श्रीकृष्णापुरी, थाना - श्रीकृष्णापुरी, जिला पटना, (बिहार) द्वारा निदेशक श्री अजय सिंह, पुत्र स्व0 जग नारायण सिंह, निवासी - नारायण पैलेश, फ्रेजर रोड, पटना, बिहार, भारतीय नागरिक, बिहार, जिन्हें यहाँ पर "विकासकर्त्ता/भवन बनावटकर्त्ता" कहा गया है, जिनके प्रशासक, कानूनी प्रतिनिधि, समुदेशनी और/या हित उत्तराधिकारी भी सम्मलित रहेंगें, जो द्वितीय पक्षकार है।

विदित हो कि इस विकास एकरारनामा के अनुसूची - 1 में वर्णित भू-सम्पत्ति जिसका विकास होना है वह जमीन मालिकगण के पुर्वज स्वर्गीय काशी सिंह, पुत्र स्वर्गीय नारायण सिंह ने एक निबंधित पट्टाबन्दोवस्ती दमामी इसतरारी कबुलियत नसलन बाद नसलन वो बतनन बाद बतनन दिनांक 03 जून सन् 1921 ई0 के द्वारा बाबु गंगा प्रसाद सिंह, बाबु जमुना प्रसाद सिंह और बाबु बेनी प्रसाद सिंह, पुत्रगण बाबु नखीदा सिंह, जाति भूमिहार ब्राहम्ण, पेशा जमीनदारी वो काश्तकारी, निवासी मौजा - महम्मदपुर पैनाल, परगना वो थाना मनेर, जिला पटना से प्राप्त किये हैं। जिसका बुक सं0 - 1, जिल्द सं0 - 1, पृष्ठ सं0 -247 से 250 और वसिका सं0 - 1261 सन् 1921 ई0 के रूप में दर्ज होकर दानापुर अवर निबंधन कार्यालय में

ARSHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

District Registry Office,Patna

Token Number 10025 | Reg. Year 2014 | Serial Number 9819 | Deed Number

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Lit
Executant	Jai Prakash Singh						
Sig.	जय प्रकाश सिंह 3-9-2014						
Identified By	Rakesh Kumar Sinha						
Sig.	राकेश कुमार Shreel 03/09/2014						

SCORE Ver.3.0 Powered by InfoSystem and Solutions,Patna Biometric Captured By 2800sop009

Sample output to test PDF Combine only

निबंधित है। जिसपर जमीन मालिकगण के पूर्वज, जो जमीन मालिकगण सं0 - 1, 2 और 5 के दादा हैं और जमीन मालिकगण सं0 - 3 और 4 के परदादा हैं, काशी सिंह इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि के साथ-साथ अन्य सम्पत्तियों पर ताजिन्दगी स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार रहते चले हैं। काशी सिंह अपने तीन पुत्रगण सर्वश्री भवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह और शत्रुघ्न सिंह को समिलात छोड़कर स्वर्गवास कर गये। तद्उपरांत भवनाथ सिंह (जमीन मालिकगण सं0 - 1 के पिता), भुनेश्वर सिंह (जमीन मालिकगण सं0 - 2 के पिता और 3 और 4 के दादा) और शत्रुघ्न सिंह (जमीन मालिकगण सं0 - 5 के पिता) अपने पिता काशी सिंह के मृत्यु के उपरांत समिलात दखल कब्जे में हुए और समिलात स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार के रूप में संयुक्त रूप से उपयोग और उपभोग करते रहे। अतएव, भवनाथ सिंह के एक मात्र पुत्र जमीन मालिक सं0 - 1 शंभूनाथ शर्मा हुए, भुवनेश्वर सिंह के एक मात्र पुत्र जमीन मालिक सं0 - 2 श्री सुनील कुमार सिंह और शत्रुघ्न सिंह के एक मात्र पुत्र जमीन मालिक सं0 - 5 श्री जय प्रकाश सिंह हुए। सभी ने अपने-अपने पिता के मृत्यु के उपरांत सभी संयुक्त सम्पत्तियों को स्वामित्व एवं अधिकार तथा दखल कब्जा में रहते हुए उपयोग और उपभोग वर्त्तमान समय में हीं समिलात करते चले आ रहे हैं। इस तरह सभी जमीन मालिकगण का इस विकास एकरारनामा को अनुसूची - 1 में वर्णित भू-सम्पत्ति पर पूर्ण अधिकार, स्वामित्व और दखल कब्जा स्थापित है।

यह कि इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि जमीन मालिकगण का मौजा महमदपुर पैनाल, सर्वे थाना और परगना मनेर वर्त्तमान पुलिस थाना बिहटा, जिला पटना में अवस्थित है जिसका थाना नं0 - 70, तौजी नं0 - 4272, खेवट नं0 - 373/6, खाता नं0 - 1923, खेसरा नं0 - 8637, एराजी - 63 डिसमिल और खेसरा सं0 - 8638 एराजी 55 डिसमिल, कुल एराजी 118 डिसमिल यानि कि 51400 वर्गफीट है। जमीन मालिकगण ने आपसी सामंजस्य रहने की वजह से राजस्व रसीद जमीन मालिकगण के पूर्वज काशी सिंह, वल्द नासमझ सिंह के नाम से

WAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

जमाबन्दी नं0 - 168/क पर कटते हुए वर्तमान में जमीन मालिक सं0 - 1 श्री शंभुनाथ शर्मा के पिता स्वर्गीय भवनाथ साव, पुत्र काशी सिंह के नाम से जमाबन्दी नं0 - 168/क III पर राजस्व रसीद अंचल बिहटा, पटना से कट रहा है। इस तरह जमीन मालिकगण को उपरोक्त भू-सम्पत्ति पर दखल कब्जा के साथ हक, स्वामित्व एवं अधिकार प्राप्त है। जो सब तरह के नुक्स हकियत, स्वत्वदोष, अर्जन, विवादों एवं झंझट से बिल्कुल मुक्त है। अतएव जमीन मालिकगण को स्वामित्व, सम्प्रभुता और दखल कब्जा के साथ हस्तानान्तरित करने का अधिकार प्राप्त है।

अतएव, जमीन मालिकगण ने अपने इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि पर बहुमंजिला भवन बनाने हेतु घोषणा करते हुए प्रचार एवं प्रसार किया। जिसकी जानकारी विकासकर्त्ता को हुई, तो विकासकर्त्ता ने जमीन मालिकगण (प्रथम पक्षकार) के पास बहुमंजिला भवन उनके जमीन पर बनाने की दिलचस्पी व्यक्त किया और सम्पर्क किया और ऑफर दिया कि सम्परिवर्तित आधार पर उपर्युक्त भूमि, जो इस विकास एकरारनामा के अनुसूचि - 1 में वर्णित है, को विकसित कर एक बहुमंजिला भवन का निर्माण कई ब्लॉकों में अच्छे ढंग से बनायेगें और कुल भवन के बनावट में से प्रतिशत के अनुसार उक्त भूमि पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कर अपने हिस्से को प्रस्तावित खरीदारों के पक्ष में हमेंशा के लिए बिक्री कर देंगें और बचे हुए प्रतिशत को जमीन मालिकगण को सुपूर्द कर देंगें। तत्पश्चात जमीन मालिकगण और विकासकर्त्ता आपस में उपर्युक्त बातचीत को तय वो पोख्ता किया और उपर्युक्त बातचीत दोनों पक्षों के बीच तय वो पोख्ता होने के पश्चात निम्नांकित अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि पर बहुमंजिला भवन के रूप विकसित करने हेतु यह विकास एकरारनामा को निम्नलिखित शर्त्तों एवं स्थितियों पर तय वो पोख्ता किया, जो इस प्रकार है:-

(1) यह कि उपर्युक्त सम्पत्ति जमीन मालिकगण दखल कब्जे में हैं साथ हीं वे उसके निर्विवाद, स्वामी, हकदार और दिलचस्पीकार हैं जो सब तरह के ऋणभारों और स्वत्वदोषों से बिल्कुल मुक्त हैं और वे सभी पूर्णरूपेन समिलात स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी, मालिक, अधिकारी और दखलकार

HIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

निर्विवाद रूप से है जिन्हें उपर्युक्त भू-सम्पत्ति के कुल या इसके अंश को हस्तानान्तरित करने का अधिकार प्राप्त है।

(2) यह कि जमीन मालिकगण अपने उपुर्यक्त भूखण्ड या इसके अंश को किसी भी सूरत में बिक्रय, गिरवी, तबादलनामा, पट्टा, उप-पट्टा, न्यास, कर निर्धारण, रेहन की गई वस्तु या किसी तरह के किराया या कोई अन्य ऋणभारों में नहीं दिया है, न रखें है ओर न रखेगें।

(3) यह कि जमीन मालिकगण उपर्युक्त भूखण्डों को अर्जन/अर्जन की मांग की अधिसूचना या इससे संबंधित कोई सूचना पूर्व में या वर्त्तमान में प्राप्त नहीं किया है और न उससे संबंधित पटना नगर निगम या अन्य प्राधिकारों से ही पूर्व में प्राप्त किया है और उपर्युक्त भूखण्डों या इसके अंश को आयकर विभाग या कोई अन्य सरकार या इसके प्राधिकार या अर्जन से संबंधित सूचना या अधिसूचना नहीं हुई है।

(4) यह कि उपर्युक्त भूमि पर पूर्व या बाद में अटैचमेंट या उपर्युक्त भूमि के विरूद्ध कोई फैसला, वाद, डिक्री, रोक, आदेश, सूचना, नोटिस, पेटिशन या निर्णायक आदेश नहीं हुआ है।

(5) यह कि जमीन मालिकगण के अलावे कोई अन्य व्यक्ति उपर्युक्त सम्पत्ति के पूर्ण भाग या इसके अंश के पट्टीदार, हकदार, स्वत्वाधिकारी नहीं है।

(6) यह कि जमीन मालिकगण उपर्युक्त सम्पत्ति से संबंधित कोई अन्य एकरारनामा बिक्रय या विकास हेतु किन्हीं के साथ अभीतक नहीं बनाये हैं, न किये है और न कभी करेंगें।

(7) यह कि फाईनल प्लान उक्त योजना के अनुसार पटना नगर निगम/अन्य प्राधिकार में दाखिल करनें के पूर्व जमीन मालिकगण विकासकर्ता से सम्पर्क कर और नक्शा बनवायेगें।

अब दोनों पक्षगण इस विकास एकरारनामा को साक्षियों के समक्ष निम्नानुसार अनुसरित करते हैं:-

1 जमीन मालिकगण ने उपरोक्त विकासकर्त्ता को जमीन का विकास करने के लिए विकासकर्त्ता नियुक्त किया है जिसपर विकासकर्त्ता अनुसूचि - 1 में वर्णित जमीन का [illegible] भवन के रूप में करने के लिए

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

और उससे संबंधित सभी कार्यों और बातों को पूरा करने के लिए सहमत है। जिसके लिए जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को निम्नांकित अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि पर दखल कब्जा बनावट की कीमत पर सुपुर्द किया, जिसके बनावट में जो भी खर्च होगा उसे विकासकर्त्ता वहन करेगें, साथ-ही-साथ भवन निर्माण के समय अगर किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी विकासकर्त्ता की होगी, जिसके लिए जमीन मालिकगण किसी प्रकार से जिम्मेवार नहीं होगें।

2 जमीन मालिकगण और विकासकर्त्ता ने सामिलात तौर पर निश्चिय किया है कि पटना नगर निगम/अन्य प्राधिकारों के भवन से संबंधित उप नियमों के अनुसार एफ0 ए0 आर0 प्रतिशत लागू होगा।

3 इस विकास शर्तनामा के लिर्पिब्ध होने के तुरंत बाद विकासकर्त्ता शीघ्रातिशीघ्र उल्लेखित प्रांगण पर भवन का नक्शा तैयार करने का काम एक अच्छे और जानकार आर्चिटेक्क और इंजीनीवार से आरंभ कर देगें।

4 विकासकर्त्ता भवन निर्माण का नक्शा पटना नगर निगम में उसके आदेश के पहले जमीन मालिकगण से लिखित स्वीकृति लेकर दाखिल करेगें अथवा किसी भी सक्षम स्थानीय प्राधिकार को बने हुए क्षेत्र को किसी के नाम आवंटित करने का काम करेगें।

5 जमीन मालिकगण उपरोक्त पूर्ण भूमि को विकासकर्त्ता के द्वारा उनके हिस्से में लगाए गए कीमत प्राप्ति के शर्त पर जो नीचे लिखा हुआ है विकासकर्त्ता को हर तरह से कर्ज मुक्ति के साथ सुपुर्द किया।

6. यह कि विकासकर्त्ता नगर निगम द्वारा स्वीकृत नक्से, सभी दस्तावेज एवं आरकिटेक्ट द्वारा बनाये गये सभी नक्शे की छायाप्रति जमीन मालिकगण को देगें एवं जमीन मालिकगण एवं विकासकर्त्ता आपसी सहमति से अपने-अपने हिस्से के फ्लैट एवं पार्किंग स्थल का बंटवारा कर लेगें।

7. यह कि कीमत के रुप मे विकासकर्त्ता ये स्वीकार करते हैं कि जमीन मालिकगण को विकास एकरारनामा में वर्णित अनुसूचि - 2 के अनुसार में 40 प्रतिशत फ्लैटों के साथ साथ कार पार्किंग स्पेशों में 40 प्रतिशत (चालिस प्रतिशत) पूर्ण रुप से बने हुए क्षेत्र में से बिना कोई कीमत

HIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

लिए जमीन मालिकगण को दे देंगें। जिन्हें अनुसूचि-1 में वर्णित भूमि पर भवन का निर्माण कर खास दाज और हिस्से में मिलेगा, जिसके जमीन मालिकगण निर्विवाद रूप में पूर्ण स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार होगें जिसे वे जिस प्रकार से चाहें पूर्ण रूप से स्वामी के रूप में उपयोग वो उपभोग करेगें और पूर्ण अधिकार एव स्वामित्व से उसे किन्हीं अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों, संस्था, फर्म और अन्य वैगरह को इस विकास एकरारनामा के शर्त्तों के अनुरूप जिस तरह या जिस तरीके से अनिवार्य होगा उसे हस्तानान्तरित करेगें और बकिये 60 प्रतिशत (साठ प्रतिशत) पूर्ण रुप से बना हुआ क्षेत्र विकासकर्त्ता का क्षेत्र कहा जायेगा। जिसके विकासकर्त्ता बिहार अपार्टमेंट ऑनरशीप अधिनियम, 2006 की धारा 5 वैगरह के अन्तर्गत पूर्णरूपेन निर्विवाद रूप से स्वामी, मालिक, अधिकारी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी और दखलकार होगें और उसे विकासकर्त्ता जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, फर्म और अन्य वैगरह को जिस तरीके से भी चाहें बिक्रय या पट्टा पर तथा किसी अन्य तरह से हस्तानान्तरित करेगें और पूर्ण रूपेन करने का अधिकार प्राप्त होगा।

8 यह कि भवन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर बनायी जायेगी और जो कुल क्षेत्र बनावट में होगा उसी को पारा 6 में वर्णित 60-40 (साठ-चालिस प्रतिशत) के आधार पर विकासकर्त्ता और जमीन मालिकगण के बीच विभाजित किया जायेगा और उसी के अनुरूप उक्त प्रतिशत के आधार पर दखल-कब्जा एवं खास, दाज वो हिस्सा होगा।

9. यह कि दोनो पक्षों के बीच यह सहमति बनी है की पटना नगर निगम/अन्य प्राधिकारों के अन्तर्गत भवन नियमावली तथा उपबिधियों के अनुरूप भवन के निर्माण में बदलाव या परिवर्त्तन होगा जो जमीन मालिकगण के सहमति से अपने जिम्मेवारी और खर्चों से विकासकर्त्ता करेगें। तब जिसे दोनों पक्षगण उपर्युक्त साठ-चालिस प्रतिशत के अनुसार विभाजित कर अपने-अपने हिस्से में ले लेंगें।

WAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

10. यह कि जमीन मालिकगण को अपने मिले हुए 40 प्रतिशत बिल्टअप एरिया हिस्से को जिस प्रकार चाहें बिहार सरकार के अभिलेखों, पटना नगर निगम/अन्य प्राधिकारों के अभिलेखों तथा जहाँ-जहाँ और जिस-जिस स्थानों पर अनिवार्य हो वहाँ-वहाँ अपने नामों नामांकित करा लेगें और किसी के अनुरूप करों का भुगतान अपने-अपने स्तरों से करेगें।

11 यह कि दोनो पक्षों के बीच यह सहमति बनी है कि जमीन मालिकगण के जमीन पर बहुमंजिला भवन के निर्माण होने के बाद तथा जमीन मालिकगण को बिना हर्जा-खर्चा के 40 प्रतिशत (चालिस प्रतिशत) बनावट विकासकर्त्ता पूर्ण रूप से विकसित कर जमीन मालिकगण के हिस्से को सुपूर्द करेगें। इस तरह विकासकर्त्ता पटना नगर निगम/अन्य प्राधिकारों से नक्शा पारित होने की तिथि से करीब पांच वर्ष छः माह एवं छः माह रियायत समय में भवन का निर्माण का काम पूरा कर देगें इसके अलावा जब किसी तरह का सरकारी आदेश या नियम में परिवर्तन या भयंकर दुर्घटना एवं प्राकृतिक विपदा हो जाएगा तो समय सीमा में बढ़ोतरी हो सकती है। इस निर्धारित सीमा तक भवन का निर्माण पूर्ण करने को विकासकर्त्ता बाध्य होगें और जमीन पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कई ब्लॉकों में पूर्ण रूप से विकसित कर जमीन मालिकगण का सभी ब्लॉकों में कुल बनावट के 40 प्रतिशत सुपर बिल्ट अव एरिया फ्लैटों के रूप में सुपूर्द कर देगें। जिसमें विकासकर्त्ता किसी प्रकार का विरोध एवं अनाकानी नहीं करेगें। अगर विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण का 40 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित समय अवधि पांच वर्ष छः माह एवं छः माह ग्रेस प्रीयड तक फ्लैटों के रूप में पूर्ण रूप से विकसित कर नहीं देगें, तो विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण एवं उनके उत्तराधिकारीगण को उनके हिस्से का बिल्ट पर एरिया पांच रूपया प्रति वर्गफीट की दर से हर्जाना देगें वो जमीन मालिकगण एवं इनके उत्तराधिकारीगण को यह भी अधिकार प्राप्त होगा कि ये विकासकर्त्ता से कानूनी तौर पर पांच रूपये प्रति वर्गफीट हर्जाना के साथ अपना 40 प्रतिशत हिस्सा फ्लैटों एवं [illegible] के रूप में प्राप्त कर लेगें।

IRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

12. यह कि जमीन मालिकगण और विकासकर्त्ता के बीच यह तय हुआ है कि विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण को इस विकास एकरारनामा में वर्णित अनुसूचि - 1 की सम्पत्ति को विकसित करने में नन-एडजसटेबल रकम अंकेन् 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार) रूपये प्रति कट्ठा की दर से क्षेत्रफल 118 डिसमिल का कुल कीमत अंकेन् 94,40,000/- (चौरानवे लाख चालीस हजार) रूपया मात्र भुगतान करेगें, जिसे जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को किसी सूरत में वापस या निर्मित बहुमंजिला भवन के अपने हिस्से के फ्लैटों से नहीं करेगें। जिसमें से जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता से 50 प्रतिशत रकम यानि कि अंकेन् 47,20,000/- (सैंतालिस लाख बीस हजार) रूपये मात्र को निम्न प्रकार वसुल पाया:-

1. दिनांक 23.08.2014 को 51,000/- और 51,000/- (एकावन-एकावन हजार) का तीन चेक क्रमशः 1. चेक नं0 - 013737, 013738 और 013739 इंडियन ओवरसीज बैंक, पटना के द्वारा।

2. दिनांक 28.08.2014 को 15,22,000/- और 15,22,000/- (पन्द्रह लाख बाईस हजार और पन्द्रह लाख बाईस हजार) का तीन चेक क्रमश - 013741, 013742 और 013744 इंडियन ओवरसीज बैंक, पटना के द्वारा।

इस तरह जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता से 47,20,000/- (सैंतालिस लाख बीस हजार) रूपये मात्र को इस विकास एकरारनामा पर सही एवं हस्ताक्षर के समय वसुल पाये ओर बकिये 50 प्रतिशत नन् एडजस्टेबल का भुगतान जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता से इस विकास एकरारनामा के निबंधन की तिथि से छः माह तक भुगतान पायेगें और इस बीच विकासकर्त्ता उन्हें भुगतान करने को बाध्य रहेगें।

13 यह कि उपर्युक्त शर्तनामा-पत्र के जरिये जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को बहुमंजिला भवन के विकास एवं निर्माण कई ब्लॉकों में करने हेतु जमीन पर दखल कब्जा दे दिया। इसलिए विकासकर्त्ता का जमीन पर पूर्ण स्वामित्व वो अधिकार [illegible] जबतक की विकासकर्त्ता जमीन

SHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

मालिकगण के भूमि पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कई ब्लॉकों में पूर्ण रूप से विकसित कर उपर्युक्त निर्धारित अवधि में नहीं कर देगें। जिसके लिए जमीन मालिकगण ने अपने तरफ से मुक्ति-पत्र सुपूर्द कर दिया है।

14 यह कि विकासकर्त्ता बिल्कुल स्वतंत्र विकासकर्त्ता रहेगें और उस बीच कोई तृतीय पक्ष निर्माण अथवा विकास में बाधक नहीं होगा।

15 यह कि जमीन मालिकगण अपने लिए विकासकर्त्ता को इस शर्तनामा में दिये गये दूसरे प्रविधानों को निम्नलिखित कार्य, दस्तावेज और कोई खास विषय पूर्ण करने हेतु अधिकार दे रहे हैं जो इस प्रकार है:-

(क) यह कि प्रस्तावित भवन ब्लॉको के रूप में जो उपर्युक्त भूखण्डों पर निर्माण होने वाला है उससे संबंधित नक्शा संबंधित प्राधिकार के यहाँ दाखिल करेगें और संबंधित अधिकारियों के यहाँ उचित आवेदन-पत्र उनकी स्वीकृति और आदेश हेतु दाखिल करेगें और साथ-साथ यह भी अधिकार प्रदान किया जाता है जो भी लेख्य होगा उस संबंध में नक्शा की स्वीकृति और पारित होने के उदेश्य से सब पर विकासकर्त्ता हस्ताक्षर करेगें।

(ख) यह कि विकासकर्त्ता सिर्फ सिल्पकार भूमापक अभियंता, ठीकेदार और दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों की नियुक्ति करेगें।

(ग) यह कि विकासकर्त्ता सम्बन्धित अधिकारियों के पास विधुत लाईन लेने अथवा सिमेंन्ट लोहा और दूसरे नियंत्रित वस्तुओं का कोटा लेने के लिए अपने खर्चे पर या अनुज्ञा पत्र लेने के लिए आवेदन देगें। जिसके लिए जमीन मालिकगण से किसी भी प्रकार का खर्च नहीं वसुल करेगें।

(घ) यह कि विकासकर्त्ता कोई रीट सम्मन या दूसरे कानूनी नोटिस आदि लेने और किसी भी न्यायालय दण्डाधिकारी न्यायिक ट्रिब्यूनल अथवा दूसरे कार्यालयों में जमीन मालिकगण का प्रतिनिधित्व करगें। वे उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बंधित विकास के लिए मुकदमा दायर करेगें और मुकदमें में हाजिर होकर बचाव करेगें और कोई भी कार्य किसी भी न्यायालय या किसी पब्लिक भवन जन पदाधिकारी सार्वजनिक पदाधिकारी या ट्रिब्यूनल जो उपर्युक्त सम्पत्ति या इसके विरुद्ध में उसके किसी हिस्से के विकास सम्बंधी

कमला प्रसाद सिंह
2.9.14

विकास कुमार सिंह
2-9-2014

SHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

होगा करने के अधिकारी होंगें और उसके लिए कोई भी कागजात, वकालतनामा, दावा पत्र, वाद पत्र, आदेश, आवेदन पत्र, कागज या लिखित किसी भी कागज पर विकासकर्त्ता हस्ताक्षर करेगें। किसी भी कानूनी कार्यवाही की हालत में किसी भी न्यायालय में जो जमीन मालिकगण के अभिरूची के विरूद्ध होगा, विकासकर्त्ता अपने खर्च से जमीन मालिकगण का हकियत और अभिरूची बचाने के लिए सभी कदम अपनावेगें और इसके लिए समय समय पर जमीन मालिकगण से उनको परामर्श लेते रहेगे।

(ङ) यह कि विकासकर्त्ता भवन के निर्माण करने हेतु मजदूरों एवं ठिकदारों को नियुक्त करेगें और पटना नगर निगम/अन्य प्राधिकारों से नक्शा स्वकृति के उपरान्त नक्शा के अनुरूप उपर्युक्त भूमि पर भवन का निर्माण कई ब्लॉकों में आर्चिटेक्क एव इंजीनीयर के निर्देशानुसार करेगें।

(च) यह कि विकासकर्त्ता उपरोक्त सम्पत्ति के विकास के लिए जो भी उचित काम दस्तावेज या दूसरी बात जो कानूनी तरह से जरूरत हो करगें।

(छ) यह कि विकासकतर्ता अपने साठ प्रतिशत हिस्से के क्षेत्र में बिल्डींग/ भवन का फ्लैट या कोई क्षेत्र को किसी को आवंटित करगें या बचेगें और उससे पैसा प्राप्त करेगें उसको निर्माण और विकास में खर्च करेगें या स्वयं उपयोग करगें ।

16. यह कि फिर भी विकासकर्त्ता किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ जो भवन में से कोई फ्लैट या कोई उसका हिस्सा स्वामित्व आधार पर लेना चाहता है अगर जमीन मालिकगण से सहमति हासिल करना हो तो जमीन मालिकगण उसे पक्का करने हेतु अपना हस्ताक्षर करेगें। जितनी रकम इस एकरारनामा के अन्दर निर्मित भवन के फ्लैट के लिए प्राप्त होने वाला है उसे विकासकर्त्ता प्राप्त करेगें और अपने व्यवहार लायेगें।

17. यह कि ठीक उसी तरह जमीन मालिकगण अपने क्षेत्र में बिल्डींग/ भवन का कोई क्षेत्र को बेचने अथवा किसी दूसरे तरह से भवन में निर्गित फ्लैटों या उसका कोई क्षेत्र/हिस्सा किसी दूसरे व्यक्ति को देने के लिए स्वतंत्र हैं। विकासकर्त्ता उसमें खरीदार या प्राप्तकर्त्ता के इच्छा के अनुरुप

TIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

उस कागज पर दस्तखत करेगें और जमीन मालिकगण को अपने हिस्से 40 प्रतिशत (चालिस प्रतिशत) के क्षेत्र को विक्रय करने तथा हस्तानान्तरित करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है और होगा और उससे प्राप्त कुल रकमों को प्राप्त करने का पूर्ण हक प्राप्त होगा।

18. यह कि भवन निर्माण पूर्ण होने पर जमीन मालिकगण अगर विकासकर्त्ता फ्लैट बेचने या हस्तानान्तरित करने के समय या किसी दूसरे व्यक्ति को देने के समय जिसमें स्वामित्व, कब्जा और हकियत हस्तानान्तरित के वास्ते जमीन मालिकगण का स्वीकृति चाहेगें तो उसपर जमीन मालिकगण हस्ताक्षर कर अपनी ओर से स्वीकृति प्रदान करेगें।

19 यह कि भवन निर्माण के समय विकासकर्त्ता किसी बैंक आर्थिक संस्था या किसी भी प्राधिकार के कम समय के लिए किसी व्यक्तिगत खरीदार के लिए निर्माण को पूरा करने हेतु कानूनी इजारा सिर्फ विकासकर्त्ता अपने साठ प्रतिशत हिस्से को बंधक रख सकतें हैं और उस हालत में अगर जमीन मालिकगण की स्वीकृति चाहेगें तो जमीन मालिकगण आपस में परामर्श करके स्वीकृति प्रदान करेगें। परन्तु, जमीन मालिगगण के चालिस प्रतिशत हिस्से को विकासकर्त्ता किसी भी प्रकार से इजारा नहीं रखेंगें और न उनके हिस्से पर किसी प्रकार का ऋण लेगें।

20 यह कि विकासकर्त्ता यह भी स्वीकार करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि भवन विकास के लिए जो भी कर्ज लेगें वह पूरा कर्ज विकासकर्त्ता या इनके खरीदारों के हिस्से से वसुल किया जायेगा और जमीन मालिकगण को उससे कोई सम्बंध नही होगा।

21 यह कि अपार्टमेंट ऑनरशीप अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत विकासकर्त्ता या उनके खरीदार अपने 60 प्रतिशत (साठ प्रतिशत) बनावट के साथ-साथ अनुसूचि - 1 में वर्णित भूखण्डों में अनुप्रातित भू-भाग के निर्विवाद स्वामी पूर्ण रूपेन होंगे इससे जमीन मालिकगण तथा इस सभी के उत्तराधिकारियों को उक्त अधिनियम के आधार पर विरोध, आपत्ति तथा दावा करने का अधिकार नहीं होगा। इसके लिए जमीन मालिकगण

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

विकासकर्त्ता को स्थाई पावर ऑफ एटर्नी नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसप्रकार विकासकर्त्ता को उपरोक्त भूखंडो पर सभी तरह का कार्य करने या विकास करने नक्शा बनाने, भवन निर्माण करने या उसको बेचने का शान्ति पूर्ण अधिकार होगा।

22 यह कि जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता को पूर्ण विश्वास दिलाते हैं कि पूर्ण सम्पति जिसका विकास करना है उसपर किसी तरह का नोटिस या घोषणा जो जमीन से भू-अर्जन के लिए हो किसी भी कानून के अन्तर्गत आज तक नहीं हुआ है और उपरोक्त सम्पति बिल्कुल पाक साफ है।

23 यह कि जमीन मालिकगण यह भी कहते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि पटना नगर निगम अथवा किसी भी प्राधिकार द्वारा लेने या भू-अर्जन हेतु इस सम्पति में या उसके किसी हिस्से पर कोई नोटिस या आदेश पारित नहीं हुआ है और न किसी भी तरह का नियम या किसी भी प्राधिकार के पदाधिकारी द्वारा उक्त भूमि को लेने या अर्जन करने का कोई सूचना या अनुरोध नहीं हुआ है जिससे उपरोक्त सम्पति या उसका कोई हिस्सा प्रभावित हो और विकासकर्त्ता को उपर्युक्त भूमि पर बहुमंजिला भवन कई ब्लॉकों में निर्माण करने में कठीनाई या रूकावट हो या बहुमंजिला भवन का निर्माण नहीं हो सके।

24 यह कि कोई कानूनी दावा मांग जप्ति कोई निशेषधात्मक आदेश किसी भी पदाधिकारी या लगान अधिकारी या निगम/नगरपालिका/नगर पंचायत अधिकारीयों या सरकार द्वारा या कोई स्थानीय प्राधिकार के अधिकारी द्वारा किसी तरह का ऐसा आदेश नहीं हुआ है।

25 यह कि कोई जप्ति फैसले के पहले या वाद नहीं है और कोई दावा, मांग, मुकदमा, डिग्री निषधाज्ञा, लम्बित मुकदमा, नोटिस तथा दिवालियापन का नोटिस या आवेदन-पत्र के फैसले का आदेश इस जमीन पर या किसी भी हिस्से पर जारी नहीं है।

26 जमीन मालिकगण के अतिरिक्त कोई दूसरा व्यक्ति को स्वामित्व, हकियत अभिरुची या हिस्सा उपरोक्त सम्पति में नहीं है या उसके हिस्से

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

पर हिस्सेदार के हैसयित से या गोतिया के हैसियत से या सम्मिलित परिवार या किसी भी तरह से कोई हकियत नही हैं।

27 यह कि जमीन मालिकगण बेनामीदार या न्यासी उपरोक्त सम्पति के निर्वाह या उसके रखने के सम्बंध में नहीं है और सम्मिलित परिवार की सम्पति से अर्जित नहीं है।

28 यह कि जमीन मालिकगण स्थाई रुप से वादा करते हैं कि वे उपरोक्त सम्पति या उसके किसी हिस्से को न तो बेचेगें न किसी को देगें और न हस्तान्तरित करने का कोई कागज लिखने या किसी खास मकसद हेतु उपरोक्त सम्पति को किसी भी अन्य विकासकर्त्ता को जमीन पर विकास करने हेतु पूर्ण कब्जा देगें और न इसके पूर्व किसी भी अन्य क्रेता को उपर्युक्त सम्पत्ति बेचा है या न किसी भी अन्य विकासकर्त्ता को विकास हेतु दिया है और आगे कोई भी कार्य करने कोई दस्तावेज लिखने और कोई काम ऐसा नहीं करेगें जो इस शर्तनामा के नियमों के या घोषणा के विरुद्ध हो। परन्तु जमीन पर विकास हो जाने के बाद जमीन मालिकगण को यह अधिकार होगा कि वे सभी अपने मिले हुए चालिस प्रतिशत हिस्से को किसी को विक्रय या हस्तानान्तरण किसी भी तरीके से कर सकते हैं।

29 यह कि जमीन मालिकगण इस घोषणा-पत्र को बिना कोई क्षति पहुंचाये वादा करते हैं कि इस सम्पति के संबंध में जो भी सन्देह या शक पैदा होगा अपने खर्च से इस सारे शक और सन्देह को विकासकर्त्ता के कथानुसार या उनके प्रतिनिधि के अनुसार दूर करेगें।

30 यह कि घोषणा-पत्र के सत्यापित करने हेतु जो उपर किया गया है उपरोक्त जमीन मालिकगण और खास करके अपने स्थाई स्वामित्व के संबंध में और अपने हकियत के सम्बन्ध में घोषणा करते हैं कि यह सम्पति हर तरह के वारदैन से मुक्त है और पुनः वादा करते हैं कि उक्त सम्पति पर या उसके किसी हिस्से पर किसी प्रकार का कर्ज नहीं लेगें और न उसको किसी दूसरे के हाथ बेचेगें और न उसको कोई ऐसा काम करेगें केवल जो इसमें लिखा हुआ है उसी के अनुसार करेगें और जमीन मालिकगण यह भी

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

वादा करते हैं कि सक्षम अधिकारी के यहां सम्पति से संबंधित सत्यापन हेतु सारे कागजात उपस्थित करेगें।

31 यह कि जमीन मालिकगण निर्माण में किसी तरह का बाधा उपस्थित नहीं करेगें और बहुमंजिला भवन के निर्माण में विकासकर्त्ता को सहयोग करेगें परामर्श देगें ।

32 यह कि एकरारनामा के निष्पादन के दिन के पहले, यदि जमीन मालिकगण के द्वारा किसी भी प्रकार का ऋण लिए गया पाए जाएगा उसकी देन दारी जमीन मालिकगण की होगी। लेकिन इस विकास एकरारानामा के निबंधन के उपरान्त बिकासकर्त्ता एवं इनके खरीदार एवं खरीदारों द्वारा भवन निर्माण हेतू किसी भी वित्तीय संस्थाओं एवं बैंकों से ऋण ली जाती है तो उसकी देनदारी विकासकर्त्ता एवं इनके खरीदार एवं खरीदारगण भुगतान करेगें। इसके लिए जमीन मालिकगण जिम्मेवार नहीं होगें।

33 यह कि जमीन मालिकगण विकासकर्त्ता द्वारा उनके नाम में नक्शा पारित करने हेतु स्थानीय अधिकारी को दे सकते हैं इसमें जमीन मालिकगण को कोई आपत्ति नहीं हैं। इस सम्बन्ध में जो भी शुल्क या खर्च नक्शा स्वीकृति हेतु होगा विकासकर्त्ता के द्वारा वहन किया जायेगा।

34 यह कि विकासकर्त्ता किसी भी तरह से सीधे या चक्करदार कोई गलती नहीं करेगें जिससे जमीन मालिकगण के स्वामित्व अधिकार या अभिरुची में बाधा पहुंचे। जबतक कि जमीन मालिकगण के क्षेत्र का कब्जा विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण को न दे दें।

35 यह कि विकासकर्त्ता जमीन मालिकगण को कर्ज मुक्त रखेगें और हमेशा रखेगें। अगर किसी दावे का दावा, क्षतिपूर्ति या खर्च जो कि कार्यकर्त्ता शिल्पी या निमंत्रित व्यक्तियों द्वारा किया जाये उससे भी कर्ज मुक्त रखेगें। चाहें वह नौकरी विकास कर्त्ता के द्वारा दी जाय अथवा भवन निर्माण के समय हो।

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

36 विकासकर्त्ता गुणवक्ता नक्शा या ले-आउट और उसके गुंणवक्ता पर पूर्ण ध्यान देगें एवं जमीन मालिकगण को गुणवक्ता जाँचने का पूर्ण अधिकार होगा।

37 यह कि जमीन मालिकगण पूर्ण बने हुए मकान में अपने हिस्से के रुप में उसका कीमत प्राप्त करेगें और भविष्य में किसी तरह का विकासकर्त्ता के हिस्से में बने हुए मकान पर कोई भी मांग या प्रिमियम लेने का उनको अधिकार नहीं होगा।

38 यह कि जमीन मालिकगण के क्षेत्र को उसी शर्त और नियम पर अपने कब्जे में रखेगें जैसा कि जमीन मालिकगण और विकासकर्त्ता के बीच में आपसी सदभाव से तय होकर स्तर निर्धारित किया गया है। सभी फ्लैट और बरामदा, बालकोनी, कालम, कप बोर्ड एवं बिजली आदि का जमीन मालिकगण, विकासकर्त्ता और खरीदारगण/आवंटितकर्त्ता होगें। भवन निर्माण के उपरांत जब जमीन मालिकगण को 40 प्रतिशत (चालिस प्रतिशत) के रूप में निर्मित भवन पर दखल कब्जा मिल जायेगा तो जमीन मालिकगण या इनके खरीदारगण तथा विकासकर्त्ता या इनके खरीदारगण भवन को रख-रखाव तथा सफाई एवं रंगाई-पोताई तथा सुरक्षा के लिए एक ऑनर एसोशियसन होगा जिसे भवनो में रहने वाले जमीन मालिकगण तथा इनके खरीदारगण और विकासकर्त्ता तथा इनके खरीदारगण ऑनर एसोशियशन का लिखित नियमावली का निर्माण कर बनायेगें तथा इसके सभी सदस्यगण होगें तथा भवन के रख-रखाव एवं सफाई-सुथरा रखने हेतु जो हिस्सा प्रत्येक फ्लैट वालों का होगा उसका भुगतान वे सभी ऑनर एसोशियसन को करेगें तथा सभी ऑर्नस एसोशियसन को चलाने हेतु नियमावली के आधार पर भवन के रख-रखाव हेतु पदाधिकारियों का निर्वाचन अपने अनुरूप पद का निर्धारण करते हुए करेगें।

39 यह कि विकासकर्त्ता तथा जमीन मालिकगण आपस में यह भी सहमत है कि उस बहुमंजीला भवन को पटना नगर नियम/अन्य प्राधिकारो के नियमानुसार जो नक्शा पारित होगा उसी नियम के तहत भवन का

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

निर्माण कार्य होगा और भवन का नाम " I.O.B.GLAXY MODEL TWONSHIP" होगा।

40 यह कि भवन निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त जमीन मालिकगण अपने मिले हुए 40 प्रतिशत फ्लैटों एवं कार पार्किंगों का बिहार एपार्टमेन्ट ऑनर शिप एक्ट 2006 की धारा 5 वगैरह के अन्तर्गत निर्विवाद रूप से मालिक, स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी, सम्प्रभुत्ताधिकारी और दखलकार होगें। जिसे वे जिस प्रकार से चाहें अपने उपयोग और उपभोग में लावें तथा अपने हिस्से को जिस किन्हीं के पक्ष में वारी वारी से बिक्रय करें । इसी प्रकार भवन निर्मित विकासकर्त्ता भी अपने हिस्से के 60 प्रतिशत फ्लैटों एवं कार पार्किंगों का बिहार एपार्टमेन्ट ऑनर शिप एक्ट 2006 की धारा 5 वगैरह के अन्तर्गत निर्विवाद रूप से मालिक, स्वामी, स्वत्वाधिकारी, सर्वाधिकारी, सम्प्रभुत्ताधिकारी और दखलकार होगें। जिसे वे जिस प्रकार से चाहें अपने उपयोग और उपभोग में लावें तथा अपने हिस्से को जिस किसी भी खरीदार एवं खरीदारों के पक्ष में वारी वारी से बिक्रय करेंगें इसमें एक दूसरे पक्ष को कोई आपत्ति नहीं होगी।

41. यह कि अगर विकासकर्त्ता को अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि के अलग-बगल या पीछे में दूसरे जमीन मालिको से बहुमंजिला भवन बनाने हेतु जमीन उपलब्ध हो जाता है या हो जायेगा तो विकासकर्त्ता अनुसूचि - 1 में वर्णित भूमि से उपलब्ध होने वाले जमीन में आने जाने हेतु रास्ता ले जा सकते है और उपलब्ध होने वाले जमीन को बहुमंजिला भवन के रूप में विकसित कर सकते हैं। उसमें जमीन मालिक को कोई विरोध एवं आपत्ति नहीं है और न कभी होगा।

42. यह कि इस विकास एकरारनामा के संबंध में अगर कोई विवाद या पक्षकारों में मतभेद उत्पन्न होता है तो उसका निपटारा पंचायत के द्वारा दिये गये फैसला के अनुरूप किया जायेगा। जिसमें सभी पक्षकार भारतीय पंचायती अधिनियम 1996 के अधीन पक्षकार पंच नियुक्त करेंगें और इसके

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

द्वारा दिये गये फैसला अंतिम होगा और दिये गये फैसले को सभी पक्षगण स्वीकार करने को बाध्य होंगे।

43. यह कि विकासकर्त्ता यह भी वादा करता है कि उस बहुमंजिली भवन का निर्माण इस एकरारनामा के अनुसूचि -2 में निर्धारित किये गये तकनिकी मानदंडों के अनुसार ही होगा।

अनुसूची - 1

सम्पति का विवरण इस एकरारनामा में निम्नलिखित है:-

कुल क्षेत्रफल 118 डिसमिल यानि कि 51400 वर्गफीट परती भूमि हकियत कास्त रैयती नगदी कायमी, जो मौजा महमदपुर पैनाल, सर्वे थाना और परगना मनेर वर्त्तमान पुलिस थाना बिहटा, जिला पटना में अवस्थित है जिसका थाना नं0 - 70, तौजी नं0 - 4272, खेवट नं0 - 373/6, खाता नं0 - 1923, खेसरा नं0 - 8637, एराजी - 63 डिसमिल और खेसरा सं0 - 8638 एराजी 55 डिसमिल है जो अवर निबंधन कार्यालय दानापुर जिला अवर निबंधन कार्यालय और जिला पटना एवं पटना नगर निगम के बाहर पंचायत तथा बिहटा ब्लॉक एवं अंचल के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है जिसकी चौहद्दी निम्नलिखित है :-

चौहद्दी

खेसरा नं0 - 8637 एराजी 63 डिसमिल की चौहद्दीरु-

उत्तर :- रोड
दक्षिण :- सर्वे खेसरा सं0 8634
पूरब :- सर्वे खेसरा सं0 8629
पश्चिम :- सर्वे खेसरा सं0 8638

खेसरा नं0 - 8638 एराजी 55 डिसमिल की चौहद्दीरु-

उत्तर :- रोड
दक्षिण :- सर्वे खेसरा सं0 8636 और 8642
पूरब :- सर्वे खेसरा सं0 8637
पश्चिम :- सर्वे खेसरा सं0 8639 और 8641

जमीन का मूल्यांकन अंकेनु - 4,72,00,000/-

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

अनुसूची - 2

भवन के निर्माण हेतु लगने वाले सामग्रीयों एवं निर्माणों का विस्तार पूर्वक विवरण निम्नलिखित है:-

1.	फाउन्डेशन	: आर.सी.सी. पाइलिंग स्ट्रक्चरल डिजाइनर के अनुसार।
2.	स्ट्रक्चर	: आर.सी.सी. फ्रेम स्ट्रक्चर
3.	सिविल वर्क	: पी.एम.सी. द्वारा स्वीकृत प्रमियम कोटि का सिमेंट, (ए.सी.सी.) सोन बालू एवं मसाला।
4.	परिसज्जन	: जमीन मालिक के हिस्से की सभी दीवारें तथा भीतरी छत में प्लास्टर ऑस पेरिस का पाईमर सतह एवं बाहर की दीवारें बिड़ला पुट्टी होगी तथा फिनिसिंग अन्य फ्लैटों की तरह डेवलपर करा देगें।
5.	दरवाजा	: दरवाजे का ढांचा लकड़ी (सखुआ) का तथा मुख्य दरवाजे पर लकड़ी (सखुआ) का चौखट तथा दरवाजे का पल्ला प्लाई बोर्ड का हेगा और उस पर दा तर पेंट होगा।
6.	खिड़कियाँ	: जमीन मालिक के अनुसार या लकड़ी के (सखुआ) के फ्रेम में पूर्णतः गेल्जेड खिड़कियाँ।
7.	फर्श	: संगमरमर या सोमानी का टाईल्स ग्रे सिमेंट में फ्लैट के अन्दर समस्त फर्श क्षेत्र में।
8.	शौचालय	: मुख्य शयन कक्ष से जुड़े एक शौचालय में गर्म पानी का नल, सफेद गलेजड टाईल्स 7' फीट की उचाई तक सभी शौचालय का साजोसमान आईएसआई ब्राण्ड का उपयोग होगा। किचेन एवं बाथरूम का जमीन संगमरमर का होगा।
9.	रसोईघर	: काला ग्रेनाईट का कार्यकारी प्लेटफार्म तथा स्टील सिंक, कार्यकारीर प्लेटफार्म से 24" उँचा रंगी गलेजड टाइल्स।
10.	बिजली व्यवस्था	: मानक बिजली सामग्री के साथर कॉन्सिल्ड पी. वी.सी. कॉन्डयूट वायरिंग सभी शयन कक्ष में ए.सी. प्वांईट (एन्कर/हेवेल्स कम्पनी का)।
11.	सेनेट्री वेयर और सी.पी फिटिंग	: आइ.एस.आई मार्का का स्टेन्ड कम्पनी (हिन्द वेयर/पैरिवेयर)



ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director

Sample output to test PDF Combine only

12. लिफ्ट : छः व्यक्तियों का भार वहन करने योग्य लिफ्ट उच्च कोटि का आईएसआई मार्क का होगा।

उपर्युक्त Specifications में promotiers/architect द्वारा निर्णित कुछ फेर बदल संभव है।

यह विकास एकरारनामा आज दिनांक 02.9.2014 को जमीन मालिकगण ने विकासकर्त्ता के पक्ष में निम्नलिखित गवाहों के समक्ष लिख दिया कि समय पर काम आवे और प्रमाण रहे।

गवाहों का हस्ताक्षर

1. [illegible]
पिता - [illegible]
ग्राम - देवा
पोस्ट - [illegible]
थाना - मनेर
जिला - पटना

2. 02/09/2014
[illegible]
पिता [illegible]
ग्राम देवा
पो० नेउरा
थाना - फतुहा
पटना
2/9/2014

3. [illegible] पिता: स्व० इन्द्रेन्द्र सिंह
ग्राम - देवा, पो० - सरमा, थाना - मनेर, जिला - पटना
टकणकर्त्ता दि: 02/09/2014

अमरजीत कुमार
राजेन्द्रपथ, पटना

जमीन मालिकगण का हस्ताक्षर

[illegible]
2-9-2014
सुनील कुमार सिंह
2-9-2014
कमलाकान्त सिंह
2.9.14
विकास कुमार सिंह
2-9-2014
[illegible]
2-9-2014
विकासकर्त्ता का हस्ताक्षर

ASHIRWAD ENGICON PVT. LTD.
Managing Director
प्रारूपकर्त्ता
02/09/2014

(रामानन्द प्रसाद केशरी), अधिवक्ता
समाहारणालय बार एसोसिएसन, पटना

बैंक स्कील से सत्यापित किया।
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

Sample output to test PDF Combine only

अन्दर रू० _____ शब्दों में (रू० _____) मात्र

चतुर्थ प्रति — बिहार सरकार

(जमाकर्ता कार्यालय हेतु) — निबंधन विभाग — गैर मातक

दस्तावेजों के निबंधन के लिए जमा किए जाने वाले स्टाम्प शुल्क/निबंधन शुल्क एवं भूस्वामी के निबंधन शुल्क के भुगतान के लिए बैंक चालान ।

1. पक्षकार का नाम/पता सेसरा आशियाना इंफोसान प्रा० लि०
(जिसकी ओर से जमा किया जा रहा है) खेतीकृष्णापट्टी पाना
2. दस्तावेज का प्रकार बिक्री एकरारनामा 4 पेज एवं पट्टी दिल्ली - पटना
3. निबंधन कार्यालय पटना सदर
4. बैंक का नाम एवं शाखा मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक पटना
5. भुगतान की जानेवाली राशि का विवरण

क्र०सं०	भुगतान का मद एवं शीर्ष	रकम
(क)	स्टाम्प शुल्क-मुख्य शीर्ष-0030-स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क-उप शीर्ष 02-स्टाम्प पर न्यायिक लघु शीर्ष 105-स्टाम्प एवं मुद्रण शुल्क तथा-उप शीर्ष 0001, अन्य प्राप्तियां प्राथमिक इकाई-7549 अन्य प्राप्तियां विपत्र कोड-R0030021030001	9,40,000/- 1188,800/- 11,28,800
(ख)	निबंधन शुल्क-मुख्य शीर्ष-0030-स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क, उप मुख्य शीर्ष-03 पंजीकरण शुल्क, लघु शीर्ष-104-दस्तावेजों का पंजीकरण शुल्क-उप शीर्ष-0001, प्राथमिक इकाई-7549 अन्य प्राप्तियां विपत्र कोड-R0030031040001	20,000/- 1,000/- 5,000/- 25/- 26025/-
(ग)	भूस्वामी शुल्क-मुख्य शीर्ष-0029 भू राजस्व लघु शीर्ष-800-अन्य प्राप्तियाँ-उप शीर्ष-0000 अन्य मदें-प्राथमिक इकाई-7549 भूमि निबंधन शुल्क से आय विपत्र कोड-R0029008000006	/
	भुगतान का माध्यम : नगद/चेक/ड्राफ्ट कुल राशि शब्दों में _____ कुल योग	11,54,825/-

स्थान पटना
तारीख 2/9/14

जमाकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर
रजीत

चेक/ड्राफ्ट का विवरण पीठ पर अंकित कर दें।
चेक/ड्राफ्ट की राशि अन्तर्गत होने के पश्चात ही मान्य होगी।

FOR USE OF THE BANK
ANIMESH KUMAR ..... दर्शाया गया।
ID NO. - 00 ..... विवरण के अनुसार रू० ..... /
..... प्राप्त किया।
प्राधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर

रसीद हेतु
CASH RECEIVED / CASH DEPOSITED
रसीद हेतु चेक/ड्राफ्ट जमा करने का विवरण
राशि रू० _____ शब्दों में _____ रुपये की रसीद सं० :
जमा की तारीख :
बैंक स्क्रोल सं० :
बैंक की प्राप्ति का मुहर

जमा पर्ची/Pay-in-slip — नकद/जमा/CASH/TRANSFER

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

_____ शाखा/Branch

दिनांक/Date 2/9/2014

खाते का प्रकार : बचत बैंक/चालू खाता/आवर्ती जमा/मीयादी जमा/संचित खाता/सावधि ऋण खाता सं०/ Type of Account : SB / CA / RD / CC / DL / TL / A/c No.

D 1 1 0 4 9 [illegible] 5 [illegible] 0 4 2

के बैंक खाते में जमा करने हेतु / For the Credit of the Bank Account of _____

नकद/चेकों के विवरण पीठ की ओर/ Details of Cash / Cheque Overleaf	राशि/Amount रु०/Rs. पै०/P.
खाते में, कृपया जमा किया जाय/Credit to the Account	6001/-
[illegible]	
कुल जमा/Total Deposit	6001/-
रुपये (शब्दों में)/Rupees (in words)	

कोषालय उपयोग हेतु/FOR OFFICE USE

(एस.डब्लू.बी./SWOL) — कैश अधिकारी/पासवर्ड अधिकारी Cash Officer/Passing Officer

Code No. 596 / 2005/04 / 5 Lacs / Roy

Sample output to test PDF Combine only

Name of the Licence Holder MR. Rakesh Kumar Sinha

Son/Wife/Daughter of Late Devendra Pd Sinha



Specimen Signature or Thumb impression of the Holder of the Licence.

PRIVATE

Signature and Designation of the Licensing Authority

D. L. No. 3899/2006 PATNA

Date of Issue 01-3-2006

Name MR Rakesh Kumar Sinha

Son/Wife/Daughter of Late Devendra Prasad Sinha

Address Rewa Lane Manor Sadna

Date of Birth 08-5-75

Educational Qualification /

Blood Group with RH factor

The Holder of this licence is licenced to drive throughout India vehicles of the following description:-

~~Motor Cycle without gear~~
Motor Cycle with gear
~~Invalid carriage~~
~~Light motor vehicle~~
~~Medium goods vehicle~~
~~Medium Passenger vehicle~~
~~Heavy goods vehicle~~
~~Heavy Passenger motor vehicle~~

A motor vehicle of the following description Motor cycle & Scooter only

The Licence to drive motor vehicle other than transport vehicles is valid from 01-3-2006 to 07-5-2015

The licence to drive transport vehicle is valid from

Signature & designation of the licencing authority

District Transport Officer
PATNA.

Sample output to test PDF Combine only

Endorsement of Certificate of Admissibility

Admissible under Rule 5 : duly Stamped (or exempted from or does not require stamp duty) under the Indian Stamp Act, 1899, Schedule I or I-A, No. '05'. Also admissible under section 26(a) of the B. T. Act.

Stamp duty paid under Indian Stamp Act	Rs. 1133800/-	Amt.Paid By N.J Stamp Paper	Rs. 5000/-
Addl.Stamp duty paid under Municipal Act	Rs. 0/-	Amt.paid through Bank Challan	Rs. 1155425/-

Registration Fee

FEE PAID

A1	20000	C	0	H1b	0	K1a	0	Lii	0
A8	0	D	0	H2	0	K1b	0	Liii	0
A9	0	DD	0	I	5000	K1c	0	Mb	25
A10	0	E	1000	J1	0	K2	0	Na	0
B	0	H1a	0	J2	0	Li	0		
								TOTAL-	26025

Total amont paid (Reg. fee+LLR, Proc+Service Charge) in Rs. - 26625

LLR + Proc Fee		Service Charge
LLR	0	600
Proc.Fee	0	
Total	0	

Date: 03/09/2014

Registering Officer
Patna

Endorsement under section 52

Presented for registration at Registration Office, Patna on Wednesday, 03rd September 2014 by Shambhu Nath Sharma S/O- Late Bhawanath Singh by profession Others. Status - Executant

3.9.2014

Signature/L.T.I. of Presentant

Date:03/09/2014

Registering Officer
Patna

Endorsement under section 58

Execution is admitted by those Executants and Identified by the person (Identified by 'Rakesh Kumar Sinha ' age '39' Sex 'M', 'Devendra Prasad Sinha ', resident of 'Rewa Sarai, Maner, Patna ',), whose Names, Photographs, Fingerprints and Signatures are affixed as such on back page / pages of the instrument.

Date : 03/09/2014

Registering Officer
Patna

Endorsement of Certificate of Registration under section 60

Registered at Registration Office Patna in Book 1, Volume No. 214 on pages on 504 -527 , for the year 2014 and stored in CD volume No. CD-33 year 2014 . The document no. is printed on the Front Page of the document.

Date : 03/09/2014

Token No. : 10025 Year : 2014 S.No. : [illegible]9819 SCORE Ver.3.0

Registering Officer
Patna

Deed No . : 9154

Sample output to test PDF Combine only

Serial No. 7211 Circle:-Bihta (Danapur) Book No. :- 1 Deed No. 7071

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

बिहार BIHAR

1802 30/6/15 रु 1000 पेज 2 सादे

नाम एवं पता

S 128060

Serial No. 7211 Deed No. 7071

सहायक इनकम्प्स विक्रेता निबंधन कार्यालय, दानापुर लो० नं०-115/1974

Govt. of Bihar
Sub Registry Office ,Danapur
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on 03/07/2015 by Krishna Lal Sinha
A Stamp Duty of Rs. 270000/- and other Fees of Rs. 90850/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. 7071 in Book No. 1, Volume No. 142 on pages from 159 to 170 and has been preserved in total 12 pages in C.D. No. 22 / Year 2015

3/7/2015

Signature with Date
(Dhananjay Kumar Rao)
Registering Offiber, Danapur

Date: 03/07/2015 Token No: 7255 /2015

1– लेख्यकारीगण का नाम एवं पूरा पता :–

(1) श्री कृष्णा लाल सिन्हा पिता का नाम स्व० साधु शरण लाल, FKHPS9339J

(2) श्री कमलेश कुमार सिन्हा

(3) श्री विमलेश कुमार सिन्हा

दोनो के पिता का नाम श्री कृष्णा लाल सिन्हा,



Sample output to test PDF Combine only

Sub District Registry Office,Danapur

Token Number 7255 | Reg. Year 2015 | Serial Number 7211 | Deed Number 7071

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little
Claimant	Ajay Singh (Dir.)						
Sig.	3-7-15						
Executant	Kamlesh Kumar Sinha						
Sig.	3-7-2015						
Presented By	Krishna Lal Sinha						
Sig.	3/7/2015						
Executant	Krishna Lal Sinha						
Sig.	3/7/2015	N/A	N/A	N/A	N/A	N/A	N/A
Executant	Shailesh Kumar Sinha						
Sig.	3/7/2015						
Executant	Sadama Lal						
Sig.	3/7/2015						
Executant	Vimlesh Kumar Sinha						
Sig.	3/7/15						
Identified By	Arun Kumar						
Sig.	3/7/2015						

SCORE Ver.3.0 | Powered by InfoSystem and Solutions,Patna | Biometric Captured By 280

Sample output to test PDF Combine only



बिहार BIHAR

S 128061

WEB COPY NOT OFFICIAL

- 2 -

सभी का निवास स्थान– बेला, पोस्ट– नेउरा, थाना– बिहटा, जिला– पटना, हाल निवास स्थान– हनुमाननगर चूनाईचक, थाना– शास्त्रीनगर, जिला– पटना,

(४) श्री सुदामा लाल पिता का नाम स्व० साधु शरण लाल,

(५) श्री शैलेश कुमार सिन्हा पिता का नाम श्री सुदामा लाल,

दोनो का निवास स्थान– बेला, पोस्ट– नेउरा, थाना– बिहटा, जिला– पटना, भारतीय नागरिक जिन्हे इसके पश्चात् विक्रेता/लेख्यकारीगण के नाम से सम्बोधित किया जायेगा फार्म–60

Sample output to test PDF Combine only

2– लेख्यधारी का नाम एवं पूरा पता :–

मैसर्स आशीर्वाद इन्फ्राकॉन प्रा० लिमिटेड जो भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है, जिसका कार्यालय उत्तरी श्रीकृष्णापुरी, थाना– श्रीकृष्णापुरी, जिला– पटना (बिहार), Pan No. AAKCA9641C द्वारा निदेशक श्री अजय सिंह पिता का नाम स्व0 जग नारायण सिंह, निवास स्थान– रामकृष्णानगर, थाना–रामकृष्णानगर, जिला– पटना (बिहार), भारतीय नागरिक जिन्हे इसके पश्चात् केता/लेख्यधारी के नाम से सम्बोधित किया जायेगा ।

3– लेख्य प्रकार :–

निर्विवाद विक्रय–पत्र यानि कैवाला वयला कलामी ।
(DEED OF ABSOLUTE SALE)

4– मूल्य :–

मो0 45,00,000/– रूपया (पैतालीस लाख रूपया) मात्र

5– सम्पत्ति का सम्पूर्ण विवरण :–

मवाजी 10 कट्ठा (दस कट्ठा) यानि 13612.5 वर्गफीट भूमि आवासीय परती जिसका अधिकार कास्त रैयती कायमी नगदी वाके मौजा– **पैनाल**, परगना– मनेर, थाना– बिहटा, सब रजिस्ट्री– दानापुर, सदर रजिस्ट्री वो जिला– पटना, जिसका थाना नं0– 70 (सत्तर), तौजी सामिलात, खाता नं0– 1983 (एक हजार नौ सौ तेरासी), सर्वे प्लौट नं0– 8636, 8642 वो 8643 (आठ हजार छः सौ छत्तीस, आठ हजार छः सौ बेयालीस, वो आठ हजार छः सौ तेंतालीस) में से । जिसका सालाना लगान मो0 3.00 रूपया अलावे शेष द्वारा अंचल– बिहटा । जमाबन्दी नं0– 531/क/X सन 2015–2016 [illegible]

WEB COPY NOT OFFICIAL

Sample output to test PDF Combine only

चौ ह दी

उत्तर : आशीवाद इन्जीकॉन प्रा0 लि0 वो मुखन राय ।

दक्षिण : आशीवाद इन्जीकॉन प्रा0 लि0

पूरब : सुरेन्द्र राय ।

पश्चिम सोनु कुमार वो बब्लु सिंह ।

** हद्द अं **

विदित हो कि खाना नं0-5 वसीका हाजा अलावे अन्य सम्पत्ति बाबु रूपदेव सिंह वो अन्य ने निबंधित बिक्री वसीका दिनांक 14-12-1943 वसीका नं0- 7869 से खरीदकर काबिज दखिल मालिक मुस्तकिल हुये वो चले आये वो यादहु बाबु रूपदेव सिंह वल्द स्व0 राजा सिंह निवासी ग्राम- बेला ने अपने जायज आवश्यकता के पूर्ति हेतू अपने हिस्से की एसाजी में से 10 कट्ठा जिसका पूर्ण विवरण खाना नं0- 5 में दर्ज है उसे बिक्री का एलान किया वो बअदल कीमत प्राप्त कर श्रीमती अधिकारी देवी पिता मुंशी नन्द लाल पति मुंशी नेम नारायण लाल साकिनदेह के साथ बिक्री किया वो कब्जा दखल दे दिया तथा प्रामाण स्वरूप याददास्त खिस्ता बैय दिनांक 18-12-1943 ई0 को तहरीर वो तामिल कर खरीदार मजकुर को मालिक मुस्तकिल काबिज दखिल गर्दाना कर दिये वो वसिरिस्ते जमीन्दारी सिरिस्ता खरीददार का नाम दर्ज हुआ वो वाद वफात श्रीमती अधिकारी देवी के नावल्द अवस्था में हो जाने पर उनके सहोदर भाई श्री साधु शरण लाल मुरीसे मालिक मुस्तकिल काबिज दखिल हुये वो चले तथा साधु शरण लाल के मरनोपरान्त लेख्यकारीगण वतौर उत्तराधिकारी काबिज दखिल मालिक मुस्तकिल रहकर वसिरिस्ते सरकार बहादुर जमाबन्दी नं0- 531/क कायम होकर लगान रसीद कटाते चले आ रहे है । खाना नं0- 5 हर तरह के झगड़ा-झंझट से पाक-साफ सम्पत्ति है । लेख्यकारीगण के अलावे इस जायदाद का कोई उत्तराधिकारी वो अधिकारी नहीं है। खाना नं0- 5 हर तरह के झगड़ा-झंझट से पाक-साफ सम्पत्ति है ।

WEB COPY NOT OFFICIAL

Sample output to test PDF Combine only

